Ans. (b) राजस्थान पर्यटन विकास निगम की स्थापना 1978 ई. में की गयी। इसका मुख्यालय जयपुर में है। राज्य में पर्यटन के विकास हेतु मुख्य उत्तरदायी संस्था है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने वाला राजस्थान देश का प्रथम राज्य है।

1676. पर्यटन के दृष्टिकोण से राजस्थान को बांटने की योजना है–

(a) 10 क्षेत्रों में (b) 8 क्षेत्रों में
(c) 6 क्षेत्रों में (d) 4 क्षेत्रों में

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—राजस्थान सरकार ने राजस्थान को 8 पर्यटक क्षेत्रों में बाँटने की योजना बनायी है। राजस्थान के प्रमुख पर्यटक स्थल हैं - जयपुर, बीकानेर, बूँदी, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, मेवाड़, माउण्ट आबू, जैसलमेर, आमेर, जोधपुर, अजमेर, अलवर, भरतपुर, कोटा, फतेहपुर एवं झुंझुनू आदि।

1677.राजस्थान में प्रस्तावित निर्यात संवर्द्धन औद्योगिक उद्यान को निम्न में से किसके द्वारा स्थापित किया जायेगा?

(a) जापान (b) विश्व बैंक
(c) भारत सरकार (d) अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण

उत्तर - (c)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या—भारत सरकार ने राजस्थान में देश का अपने किस्म का पहला 'निर्यात संवर्द्धन औद्योगिक उद्यान' स्थापित किया है। यह सीतापुरा (जयपुर) में स्थित है।

1678. जिस जिले में 'नेशनल वुड फॉसिल पार्क' स्थित है, वह है-

(a) बाड़मेर (b) जैसलमेर (c) चुरू (d) सीकर

उत्तर : (b)

व्याख्या- राजस्थान के जैसलमेर जिले में नेशनल वुड फॉसिल पार्क अवस्थित है। जहाँ 18 करोड़ वर्ष पुराने पेड़-पौधों के काष्ठावशेष प्राप्त हुए हैं। यह पार्क 21 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।

1679. भारत का पहला राज्य जिसे अपनी पर्यटन क्षमता का विपणन करने के लिए 'पी.ए.टी.ए.' स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त है-

(a) कर्नाटक (b) राजस्थान
(c) बिहार (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर : (b)

व्याख्या- प्रश्नकाल के दौरान भारत का पहला राज्य जिसे अपनी पर्यटन क्षमता का विपणन करने के लिए 'पी.ए.टी.ए.' स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त है वह राज्य राजस्थान था।

1680. सुमेलित कीजिए –

सूची-I (पार्क)	**सूची-II (जिले)**
(A) स्टोन पार्क	1. नीमराना, अलवर
(B) बायो-टैक्नोलॉजी पार्क	2. जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर
(C) सूचना-तकनीक पार्क	3. सीतापुरा, जयपुर
(D) जापानीज पार्क	4. धौलपुर व करौली

कूट :

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	4	3	2	1
(b)	2	3	4	1
(c)	3	2	1	4
(d)	1	4	3	2

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – सही सुमेलन है –

पार्क		**जिले**
स्टोन पार्क	–	धौलपुर, करौली
बायो-टेकनोलॉजी पार्क	–	सीतापुरा, जयपुर
सूचना-तकनीक पार्क	–	जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर
जापानीज पार्क	–	नीमराना, अलवर

1681. राजस्थान पर्यटन के 'लोगो' में सम्मिलित वाक्य है :

(a) रंगीलो राजस्थान (b) जाने क्या दिख जाए
(c) राजस्थान से दिल देखो (d) दर्शनीय राजस्थान

उत्तर (b)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- टूरिज्म हब के रूप में पहचान बनाने वाला राजस्थान पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर दिन नए-नए प्रयोग करता रहता है इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए राजस्थान टूरिज्म ने खुद के लोगो (Logo) में बदलाव लाने का फैसला किया है। लोगों के साथ-साथ इस बार Logo राजस्थान टूरिज्म की पंचलाइन में भी अंतर देखने को मिला। इस बार ''जो पधारो म्हारे देश'' से बदल कर ''जाने क्या दिख जाए'' हो गया है। इस Logo में राजस्थान के भिन्न-भिन्न चीजों की झलक भी देखने को मिलती है।

1682. राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में निम्न में से कौन सा अनुपम बिक्री प्रस्ताव (USP) नहीं है?

(a) पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन (शाही रेल)
(b) किले, महल एवं हवेलियाँ
(c) मेले एवं त्योहार
(d) चिकित्सकीय पर्यटन

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- राजस्थान सरकार ने 1989 में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया। राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन (शाही ट्रेन) महल एवं हवेलियाँ तथा विभिन्न मेले एवं त्यौहार को अनुपम बिक्री प्रस्ताव में शामिल किया गया है। जबकि चिकित्सकीय पर्यटन को शामिल नहीं किया गया है।

(xvi) राजस्थान में निर्धनता, बेरोजगारी, विकास कार्यक्रम, समाज कल्याण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

1683. राजस्थान में 'उत्सव भोज योजना' संबंधित है -

(a) इंदिरा रसोई योजना (b) रैन बसेरा में भोजन
(c) सामुदायिक विवाह योजना (d) मिड-डे मील योजना

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (d) : राजस्थान में उत्सव भोज योजना का संबंध मिड-डे-मील योजना से संबंधित है। मिड-डे-मील योजनांतर्गत जन सहभागिता बढ़ाने के लिए उत्सव भोज योजना में अनेक आवश्यक दिशा निर्देश शामिल है। समाज के संपन्न एवं दानकर्ता वर्ग विशेष आयोजन (धार्मिक पर्व, शादी, जन्मदिन आदि) पर स्कूल के विद्यार्थियों को भी विशेष भोजन उपलब्ध करा सकते हैं।

1684. राजस्थान में 'मुख्यमंत्री राज नीर योजना' किस वर्ष में घोषित की गई?